web Ñ www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480|| Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 22 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-290

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली प्रदेश पूर्व बीजेपी अध्यक्ष मांगेराम का निधन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व बीजेपी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम गर्ग का आज निधन हो गया. मांगेराम ने रविवार सुबह साढ़े सात बजे अंतिम सांस ली. जानकारी के मुताबिक गर्ग काफी दिन से बीमार चल रहे थे. गंभीर हालत में उन्हें उत्तरी दिल्ली के एक्शन बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. गौरतलब है कि मांगेराम ने देहदान का संकल्प लिया था. ऐसे में उनका अंतिम संस्कार दधीचि देह दान समिति के माध्यम से होगा. भाजपा प्रदेश कार्यालय से उनका पार्थिव शरीर देह दान के लिए एक बजे अस्पताल ले जाया जाएगा. मांगेराम 2003 में विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक बने थे.

### केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के भाई रामचंद्र पासवान का निधन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान के भाई और सांसद रामचंद्र पासवान का आज निधन हो गया. सांसद रामचंद्र पासवान दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे. ज्ञात हो कि 12 जुलाई को सांसद रामचंद्र पासवान को दिल का दौरा पड़ा था. रामचंद्र पासवान लगातार चार बार से एलजेपी के समस्तीपुर से सांसद थे. मिली जानकारी के मुताबिक राममनोहर लोहिया अस्पताल में रविवार दोपहर 1:24 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली.

### अंधविश्वास में चार बुजुर्गों की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या

**गुमला (आरएनएस)।** झारखंड में गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के नगल सिसकारी गांव में अपराधियों ने चार बुजुर्गों की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि डायन और बिसाही के आरोप में बुजुर्गों की जानें ली गई हैं। मरने वालों में दो महिला और दो पुरुष शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि करीब 10-12 की संख्या में अपराधियों ने कल देर रात नगल सिसकारी गांव में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने चांपा उरांव (62) उसकी पत्नी फीरी उरांव (60), सुना उरांव (65) और फगुनी देवी (62) को अपने कब्जे में ले लिया और उन्हें अपने साथ ले गए। इसके बाद अपराधियों ने चारो लोगों की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि सभी मृतक ओझा थे और झाड़-फूंक किया करते थे। इसी के आधार पर उन्हें डायन और बिसाही मानकर मौत के घाट उतार दिया गया। हालांकि बताया जा रहा है कि घटना के बाद सुबह ही घटनास्थल के पास बम-पटाखे फोड़े जाने की भी आवाजें सुनी गईं। ऐसे में आपसी रंजिश और साजिशन हत्या का मामला भी लग रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### भारतीय मूल के स्टैंड-अप कॉमेडियन की अभिनय करते समय हुई मौत

**दुबई।** भारतीय मूल के एक स्टैंड-अप कॉमेडियन की यहां खचाखच भरी भीड़ के सामने अभिनय करते समय तनाव और बेचैनी के कारण मंच पर ही मौत हो गई। मीडिया में आई एक खबर के अनुसार, मंजूनाथ नायडू (36) को शुक्रवार को मंच पर अभिनय करते समय दिल का दौरा पड़ा। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार, उन्होंने बेचैनी की शिकायत की और बगल में रखी बेंच पर बैठ गए तथा मंच पर गिर पड़े। दर्शकों को लगा कि यह भी उनके हास्य कलाकारी का हिस्सा है। नायडू का जन्म अबू धाबी में हुआ था लेकिन बाद में वह दुबई में बस गए। खबर में उनके दोस्त और साथी हास्य कलाकार मिकदाद दोहदवाला के हवाले से कहा गया है, ''उनका अभिनय आखिरी था। वह मंच पर गए और अपनी कहानियों से लोगों को हंसा रहे थे। वह अपने पिता और अपने परिवार के बारे में बात कर रहे थे। फिर उन्होंने एक कहानी सुनाई कि वह कैसे तनाव और बेचैनी से गुजरे। कहानी सुनाने के एक मिनट के भीतर ही वह गिर पड़े।''

## 20 दिनों में 2.6 लाख श्रद्धालुओं ने की अमरनाथ यात्रा

**जम्मू (आरएनएस)।** अमरनाथ यात्रा के लिए रविवार को जम्मू से 4,158 श्रद्धालुओं का एक और जत्था रवाना हुआ। इस साल एक जुलाई से यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 20 दिनों में 2.6 लाख से अधिक श्रद्धालु समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि एक जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 20 दिनों में 2,59,889 श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग के दर्शन कर लिए हैं।

पुलिस ने कहा कि भगवती नगर यात्री निवास से 4,158 यात्रियों का एक जत्था शनिवार को सुरक्षा सहित दो काफिलों में रवाना हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने आगे बताया, इनमें से 2,139 यात्री बालटाल आधार शिविर जा रहे हैं जबकि 2,019 यात्री पहलगाम आधार शिविर जा रहे हैं।



श्रद्धालुओं के अनुसार, अमरनाथ गुफा में बर्फ की विशाल संरचना बनती है जो भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों की प्रतीक है। तीर्थयात्री पवित्र गुफा तक जाने के लिए या तो अपेक्षाकृत छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से जाते हैं या 45 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग से जाते हैं। बालटाल मार्ग से लौटने वाले श्रद्धालु दर्शन करने वाले दिन ही आधार शिविर लौट आते हैं। दोनों आधार शिविरों पर हालांकि तीर्थ यात्रियों के लिए हैलीकॉप्टर की भी सेवाएं हैं। स्थानीय मुस्लिमों ने भी हिंदू तीर्थयात्रियों की सुविधा और आसानी से यात्रा सुनिश्चित कराने के लिए बढ़-चढ़कर सहायता की है।

एसएएसबी के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा के दौरान 24 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है, जिनमें से 22 तीर्थयात्रियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, वहीं दो लोगों की मौत दुर्घटनाओं में हुई है। पवित्र गुफा की खोज सन 1850 में एक मुस्लिम चरवाहे बूटा मलिक ने की थी।

किवदंतियों के अनुसार, एक सूफी संत ने चरवाहे को कोयले से भरा एक बोरा दिया था, जो बाद में सोने से भरे बोरे में बदल गया था। लगभग 150 सालों से चरवाहे के वंशजों को पवित्र गुफा पर आने वाले चढ़ावे का कुछ भाग दिया जाता है। इस साल 45 दिवसीय अमरनाथ यात्रा का समापन 15 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के साथ होगा।

## सरकारी अस्पताल में आत्मघाती हमले में 3 की मौत, 7 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान जिला में रविवार को एक सरकारी अस्पताल के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती विस्फोट में 3 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आत्मघाती हमलावर ने ट्रॉमा सेंटर में प्रवेश कर रहे लोगों और कर्मियों को निशाना बनाया।

हमले के बाद, बचाव दल ने शवों और घायलों को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में पहुंचा दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। रविवार सुबह इसी जिले में एक अन्य मामले के तहत कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस जांच चौकी पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

## टेकऑफ कर रहे विमान के पंखे पर चढ़ा व्यक्ति

**अबुजा।** नाइजीरिया के लागोस शहर के हवाई अड्डे पर टेकऑफ कर रहे एक विमान के पंख पर एक व्यक्ति चढ़ गया। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि



विमान में मौजूद सभी यात्री इस दौरान घबरा गए। नाइजीरिया की समाचार एजेंसी के अनुसार, मुर्तला मुहम्मद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा एक अजमान एयर फ्लाइट का विमान शुक्रवार को जब टेकऑफ के लिए क्लीयरेंस की उम्मीद कर रहा था, तभी एक आदमी को विमान के पंखे पर चढ़ते हुए देखा गया।

अजमान एयर ने एक बयान में कहा कि अज्ञात व्यक्ति को रनवे पर विमान की तरफ आता देखकर पायलट ने पहले तो इंजन को कम किया और बाद में जब उसने देखा कि वह रुक नहीं रहा तो पायलट ने इंजन को बंद कर दिया। एयरलाइन ने कहा कि इसके बाद व्यक्ति छलांग लगाकर विमान के पंखे पर चढ़ गया और केबिन में घुसने की कोशिश करने लगा। पायलट ने तुरंत इस बात की सूचना रेडियो पर दी। विमान के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ने घटना का विडियो बना लिया, जिसमें व्यक्ति को विमान के पंखे पर चलते हुए देखा जा सकता है। घबराए लोगों ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण चालक दल से निकासी द्वार खोलने को कहा। व्यक्ति को बाद में नाइजीरिया के हवाई अड्डे के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की जा रही है।

## दुष्कर्म का विरोध किया तो 9 साल की मासूम का गला घोंटा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में एक नौ साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया, जब बच्ची ने इसका विरोध किया तो उसको गला घोंट कर मार दिया गया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि आरोपी शकरपुर इलाके में एक पेइंग गेस्ट हाउस चलाता है और मासूम अपने परिवार के साथ इसी गेस्ट हाउस में रहती है. वारदात के समय मासूम घर पर अकेली थी और इसी का फायदा उठा कर आरोपी ने उसके साथ दरिंदगी करने की कोशिश की. बाद जब उसके परिजन वहां पहुंचे तो वह बेहाशी की हालत में थी. परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया. मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और मासूम का पोस्टमार्टम करवा शव परिजन को सौंपा.

पीड़िता का परिवार आरोपी के गेस्ट हाउस में ही रहता है और वहीं पर काम भी करता है. यह एक पीजी है और यहां पर करीब 35 लड़के रहते हैं. जिस समय आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया उस समय मासूम बच्ची की



मां ऊपरी मंजिल पर काम कर रही थी और मासूम अपनी 11 माह की बहन के साथ कमरे में अकेली थी. उसके पिता घर से बाहर कुछ काम से गया हुआ था. जब वह लौटा तो बच्ची बेहोश पड़ी थी.

रिपोर्ट के अनुसार जब पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार किया तो उसकी असली पहचान उजागर हुई. वह नाम बदलकर इलाके में रह रहा था. हालांकि पुलिस ने बताया कि उसका कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है. उसने पूछताछ के दौरान बताया कि वह बच्ची ने जब दुष्कर्म का विरोध किया तो उसने गुस्से में आकर उसका गला घोंट दिया. पुलिस ने बताया कि मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं इस बात की पुष्टि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही होगा.

## चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण आज



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारत के चंद्रमा पर दूसरे मिशन चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण सोमवार को किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को बताया कि चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण 22 जुलाई को दोपहर बाद दो बजकर 43 मिनट पर किया जायेगा। इससे पहले 15 जुलाई को तड़के दो बजकर 51 मिनट पर इसे लांच किया जाना था लेकिन प्रक्षेपण यान में गड़बड़ी के कारण प्रक्षेपण से एक घंटे पहले उसे टालने का फैसला किया गया था। उस समय मिशन की करीब 19 घंटे की उलटी गिनती पूरी हो गयी थी।

चंद्रयान के प्रक्षेपण के लिए जीएसएलवी-एमके3 प्रक्षेपण यान का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह दुनिया का पहला मिशन है जिसमें लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा। इस मिशन के मुख्य उद्देश्यों में चंद्रमा पर पानी की मात्रा का अनुमान लगाना, उसके जमीन, उसमें मौजूद खनिजों एवं रसायनों तथा उनके वितरण का अध्ययन करना और चंद्रमा के बाहरी वातावरण की ताप-भौतिकी गुणों का विश्लेषण है। उल्लेखनीय है चंद्रमा पर भारत के पहले चंद्र मिशन चंद्रयान-1 ने वहां पानी की मौजूदगी की पुष्टि की थी।

इस मिशन में चंद्रयान-2 के साथ कुल 13 स्वदेशी पे-लोड यान वैज्ञानिक उपकरण भेजे जा रहे हैं। इनमें तरह-तरह के कैमरा, स्पेक्ट्रोमीटर, रडार, प्रोब और सिस्मोमीटर शामिल हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक पैसिव पेलोड भी इस मिशन का हिस्सा है जिसका उद्देश्य पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की सटीक दूरी का पता लगाना है।

यह मिशन इस मायने में खास है कि चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरेगा और सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अब तक दुनिया का कोई मिशन नहीं उतरा है।

चंद्रयान-2 के तीन हिस्से हैं। ऑर्बिटर चंद्रमा की सतह से 100 किलोमीटर की ऊँचाई वाली कक्षा में चक्कर लगायेगा। लैंडर ऑर्बिटर से अलग हो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। इसे विक्रम नाम दिया गया है। यह दो मिनट प्रति सेकेंड की गति से चंद्रमा की जमीन पर उतरेगा। प्रज्ञान नाम का रोवर लैंडर से अलग होकर 50 मीटर की दूरी तक चंद्रमा की सतह पर घूमकर तस्वीरें लेगा।

## अमेरिका में हैं 15 करोड़ लोग लू की चपेट में

**वॉशिंगटन।** इस सप्ताहांत भयंकर गर्मी से गुजर रहे अमेरिका में न्यू यॉर्क, फिलाडेल्फिया और वाशिंगटन समेत कई बड़े शहरों में



तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मध्य पश्चिमी मैदान से लेकर अटलांटिक तट तक करीब 15 करोड़ लोग इस भयंकर गर्मी से जूझ रहे हैं और चिलचिलाती धूप से बचने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

नैशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी है कि यदि एहतियात नहीं बरती गयी तो इस भयंकर गर्मी से लोगों को बेहोशी या मूर्छा आ सकती है। लोगों से यथासंभव पानी पीने, घरों के अंदर ही रहने तथा बच्चों एवं जानवरों को नहीं छोड़ने की अपील की जा रही है। इस गर्मी के चलते कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई।

उनमें से दो लोगों की जान पूर्वी प्रांत मैरीलैंड में इसी हफ्ते चली गयी। पूर्वी कनाडा के कुछ हिस्सों के लिए लू की चेतावनी जारी की गयी है। न्यूयार्क के महापौर डथ ब्लासियो ने गर्मी संबंधी आपात की घोषणा की है।

## अब शादी में खाना बर्बाद किया तो सरकार लगाएगी 5 लाख का जुर्माना!

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अब शादी के बाद खाना बर्बाद करने पर आपको भारी जुर्माना लगेगा। एफएसएसएआई ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इस ड्राफ्ट को मंजूरी के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा जाएगा।



बता दें कि कई होटलों रेस्तरां में शादी में खाने की बर्बादी आम बात है। लोग ऐसे ही थोड़ा सा खाकर फैंक देते हैं, जिससे से खाने की बर्बादी होती है।

होटल, रेस्तरां से लेकर शादी-ब्याह में खाने की बर्बादी आम है। अधिकतर लोगों को इसका पता नहीं होता कि बचे हुए खाने को कहां और कैसे इस्तेमाल करना है। हैरानी वाली बात यह है कि खाने की इस बर्बादी को रोकने के लिए कोई पहल करना चाहता है। इसलिए अब भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) बचे हुए खाने के इस्तेमाल को लेकर एक रूल आने वाला है।

कई गैर सरकारी संगठन होटल-रेस्तरां और शादीघरों से बचा हुआ खाना लेकर गरीबों में बांटने का काम कर रहे हैं, लेकिन इस खाने की गुणवत्ता को लेकर कोई मानक नहीं है। नए ड्राफ्ट में इस मुद्दे पर विशेष ध्यान दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत होटल, रेस्तरां व शादीघरों के संचालकों को एफएसएसएआई की वेबसाइट पर पंजीकृत किया जाएगा। वहीं खाना बांटने के लिए एनजीओ अधिकृत किए जाएंगे। इस ड्राफ्ट के अनुसार, सभी राज्यों में खाद्य आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनेगी। यह समिति दान में दिए गए भोजन की निगरानी करेगी और व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव देगी।

## शीला दीक्षित के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, समेत कई नेताओं ने जताया शोक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन पर राष्टपति रामनाथ कोविंद, उपराष्टपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई अन्य नेताओं ने शोक प्रकट किया है । राष्टपति रामनाथ कोविंद ने दीक्षित के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में राष्टीय राजधानी में प्रभावी बदलाव हुआ। कोविंद ने दीक्षित के परिवार और समर्थकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने ट्वीट किया, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनीतिक शख्सियत श्रीमती शीला दीक्षित



के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुख्यमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान राजधानी में प्रभावी बदलाव हुआ जिसके लिये उन्हें याद किया जाएगा। उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नायडू ने अपने शोक संदेश में कहा, ''दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता श्रीमती शीला दीक्षित जी के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। शीला जी सफल और लोकप्रिय नेता थीं जिनके लिए सभी के हृदय में आदर था।''

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता दीक्षित के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, शीला दीक्षित जी के निधन से बेहद दुखी हूं। एक ऊर्जावान और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी जिन्होंने दिल्ली के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन पर दुख जताते हुए शनिवार को उन्हें पार्टी की ''प्रिय बेटी'' बताया। राहुल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के तौर पर राष्टीय राजधानी के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की। राहुल ने ट्वीट कर कहा, मैं शीला दीक्षित जी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुखी हूं। वह कांग्रेस पार्टी की प्रिय बेटी थीं जिनके साथ मेरा नजदीकी रिश्ता रहा।

उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और दिल्ली के निवासियों के प्रति मेरी संवेदनाएं है। उन्होंने दिल्ली के निवासियों की तीन बार मुख्यमंत्री रहते हुए निःस्वार्थ भाव से सेवा की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, हम श्रीमती शीला दीक्षित के निधन की खबर सुनकर दुखी हैं।